पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 5 को मंत्री, 8 को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा 8 को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय, अखिलेश यादव मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्री मुलायम सिंह यादव, लोक निर्माण मंत्री श्री शिवपाल सिंह यादव, मंत्री श्री अहमद हसन, श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति, श्री एस0पी0 यादव, श्री रघुराज प्रताप सिंह, श्री राम गोविन्द चैधरी, श्री महबूब अली सहित अन्य मंत्री, लोकायुक्त न्यायमूर्ति एन0के0 मेहरोत्रा, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, पुलिस महानिदेशक श्री जगमोहन यादव, प्रमुख सचिव राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्रीमती अनीता सिंह, प्रमुख सचिव सूचना नवनीत सहगल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में राज्यपाल ने सभी उपस्थित जनों को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीयता एकता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्री मुलायम सिंह ने माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शपथ ग्रहण समारोह में श्री अरविन्द कुमार गोप, श्री कमाल अख्तर, श्री विनोद कुमार 'पंडित', श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया तथा श्री साहब सिंह सैनी ने मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ लेने वालों में श्री रियाज अहमद, श्री फरीद महफूज किदवई, श्री मूलचन्द्र चैहान, श्री राम सकल गूर्जर, श्री नितिन अग्रवाल, श्री यासर शाह, श्री मदन मोहन तथा श्रीमती सैय्यदा शादाब फातिमा सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त श्री राधेश्याम, श्री शैलेन्द्र यादव, श्री ओमकार सिंह यादव, श्री तेज नारायण पाण्डेय, श्री सुधीर कुमार रावत, श्री हेमराज वर्मा, श्री लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद एवं श्री बंधीधर बौद्ध ने राज्य मंत्री पद की शपथ ली।

चूंकि सुबह आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में श्री हेमराज वर्मा शपथ नहीं ले सके थे अतः अपरान्ह में राजभवन में राज्यपाल ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की उपस्थिति में श्री हेमराज वर्मा को राज्य मंत्री की शपथ दिलाई।

लाइट हाउस

लाइट हाउस